आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 29.10.2024 समय : 0705

<><><><><><><>

- राष्ट्रव्यापी रोज़गार मेला का चौंथा चरण आज आयोजित होगा।
- अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में आज करीब एक हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे।
- चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान अंडमान निकोबार कमान के दो दिवसीय दौरे पर आज श्री विजयपुरम पहुंचेंगे।
- दीपावली का पर्व मनाए जाने के सिलसिले में बाजारों में काफी रौनक–आज धनतेरस है।
- मतदाता सूची के मसौदे के प्रकाशन के सिलसिले में आज राजनीतिक दलों की बैठक बुलाई गई है।

<><><><><><><>

राष्ट्रव्यापी रोज़गार मेला का चौंथा चरण आज आयोजित होगा। देश भर के चालीस अलग–अलग स्थानों पर सुबह दस बजे रोज़गार मेला आयोजित होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से देश भर के विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में इक्यावन हजार से अधिक नवनियुक्त युवाओं को नियुक्ति पत्र बाटेंगे। अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में करीब एक हजार चवालीस युवाओं में रोज़गार के लिए नियुक्ति पत्र का वितरण किया जाएगा, जो राष्ट्रव्यापी नियुक्तियों की संख्या में सबसे अधिक है। आज डीब्रेट में आयोजित होने वाले रोज़गार मेला में कोयला और खनन राज्य मंत्री सतीश चन्द्र दुबे मुख्य अतिथि होंगे। सांसद बिष्णु पद रे सम्माननीय अतिथि होंगे। इस अवसर पर अतिथियों के अलावा प्रशासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। नियुक्ति पत्र पाने वाले उम्मीदवारों और उनके अभिभावकों अथवा रिश्तेदारों से अनुरोध किया गया है कि वे आज सुबह नौ बजे तक अपनी सीट ग्रहण कर लें। उम्मीदवारों की सुविधा के लिए नेताजी स्टेडियम में असम्बेली प्वाइंट बनाया गया है, जहां उन्हें सुबह आठ बजे तक पहुंच जाना चाहिए। नेताजी स्टेडियम से उन्हें बस के माध्यम से डीब्रेट के सभागार तक पहुंचाया जाएगा।

<><><><><><><>

पुलिस महानिदेशक हरगोबिन्दर सिंह धालीवाल ने हाल ही में सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण ईस्ट आइलैण्ड में एल ओ पी का दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने सुरक्षा प्रबंधों का जायजा लिया और तटीय सुरक्षा को मजबूती देने के संबंध में जानकारी हासिल की। उन्होंनें इस द्वीप पर मौजूद पुलिस कर्मियों की ज़रूरी आवश्यकताओं के बारे में भी जानकारी हासिल की। पुलिस कर्मियों से मुलाकात के दौरान उन्होंने इस द्वीप

में कड़ी निगरानी बनाए रखने के लिए पुलिस कर्मियों की सराहना की। पुलिस महानिदेशक के दौरे के दौरान मध्योत्तर अण्डमान जिला पुलिस अधीक्षक गीतांजलि खण्डेलवाल भी उनके साथ थीं।

**<><><><><><><>**

समाज कल्याण निदेशालय ने 'नशा मुक्त भारत अभियान' के तहत एक स्वस्थ और नशा मुक्त समाज को बढ़ावा देने के लिए जागरूकता–सह–फिटनेस कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में स्थानीय समुदाय के लोगों ने भाग लिया, जो एक स्वस्थ और नशा मुक्त समाज को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्धता को दर्शाता है। दो दिवसीय सत्र का नेतृत्व आर्ट ऑफ़ लिविंग के शिक्षक रविंदर राव और फिटनेस और मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ एम.एस. मुरगन ने किया। समाज कल्याण निदेशालय ने सभी इच्छुक व्यक्तियों को जॉगर्स पार्क में हर शनिवार और रविवार को सुबह साढ़े पांच बजे से सात बजे तक होने वाले परिवर्तनकारी हसगुल्ला क्लब कार्यक्रम में शामिल होने को कहा है। अधिक जानकारी के लिए नोडल अधिकारी से फोन पर संपर्क किया जा सकता है।

**<><><><><><><>**

चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान अंडमान निकोबार कमान के दो  दिवसीय दौरे पर आज श्री विजयपुरम पहुंचेंगे। अपने प्रवास के दौरान वे कमान के कर्मियों और उनके परिजनों के साथ दीपावली महोत्सव में भाग लेंगे। उनकी उपस्थिति से सशस्त्र बलों के कर्मियों का मनोबल बढ़ेगा।

**<><><><><><><>**

दीपावली का पर्व मनाए जाने के सिलसिले में शहर के बाजारों में काफी रौनक है और लोग खरीद्दारी करने में व्यस्त है। पटाखों की बिक्री के लिए इस बार भी श्री विजयपुरम के आई टी एफ मैदान में व्यवस्था की गई है। आज धनतेरस है। आज के दिन लोग सोने–चांदी के बर्तनों के अलावा आभूषण और वस्त्रों आदि की खरीद करते हैं। कल छोटी दीपावली का पर्व मनाया जाएगा।

इस बीच, दीपावली के पर्व को देखते हुए घरों को सजाने के साथ–साथ इसकी साफ–सफाई का काम भी जोरों पर है। अंडमान निकोबार प्रदूषण नियंत्रण समिति ने लोगों से दीपावली का पर्व मनाते समय सावधानी बरतने को भी कहा है। विशेषकर बच्चों पर विशेष ध्यान देने को कहा गया है। रात्रि आठ बजे से दस बजे के बीच ही पटाखे जलाने की अनुमति होगी। अस्पताल, शैक्षणिक संस्थान, धार्मिक स्थल, पेट्रोल पम्पों और सड़कों पर पटाखे न जलाने की अपील की गई है।

**<><><><><><><>**

अण्डमान निकोबार महिला कॉग्रेस की ओर से हाल ही में बिडनाबाद समुदायिक हॉल में नारी न्याय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पदमश्री से सम्मानित कामाक्षी चैल्लामाल मुख्य अतिथि थीं। उन्होंने क्षेत्र में महिलाओं के लिए इस तरह के स्वास्थ्य और कानूनी जागरूकता शिविर आयोजित करने पर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की। अधिवक्ता स्नेहा ने महिलाओं के कानूनी अधिकारों के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में वी. के. मरियम बीबी और शान्ता लक्ष्मण सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार राज्य सहकारी संघ की ओर से सौंदर्यकरण, सिलाई, फैशन डिजाइनिंग और कम्प्यूटर शिक्षा पर कौशल विकास पाठ्यक्रम का आयोजन किया गया। ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए आयोजित इस पाठ्यक्रम के समापन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में इन्हें प्रमाणपत्रों का वितरण किया गया। ऐसा ही एक कार्यक्रम कल संघ के कार्यालय परिसर मे आयोजित हुआ। इस अवसर पर सहकारिता विभाग की विशेष सचिव नन्दिनी महाराज मुख्य अतिथि थी। उन्होंने द्वीपों के युवाओं के लिए इस तरह के पाठ्यक्रम आयोजित करने पर अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सहकारी संघ को समाज के लिए किए जा रहे कार्यों में सहकारिता विभाग की ओर से पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों से अनुरोध किया कि वे अपनी कौशल का उचित उपयोग करते हुए स्वरोज़गार को अपनाएं। संघ के अध्यक्ष कुलदीप राय शर्मा ने उपस्थिति का स्वागत करते हुए संघ की गतिविधियों पर प्रकाश डाला तथा आने वाले वर्षों में संघ की ओर से किए जाने वाले कार्यों की भी जानकारी दी। सहकारी संघ के प्रधानाचार्य डॉ. नागेश राम ने भी अपने विचार रखे।

<><><><><><><>

मतदाता सूची के मसौदे का प्रकाशन के सिलसिले में आज द्वीपों के प्रभारी मुख्य निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों और मीडिया की बैठक बुलाई गई है। यह बैठक आज शाम चार बजे श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद के सम्मेलन कक्ष में होगी।

इस बीच अण्डमान निकोबार संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए मतदाता सूची का मसौदा तैयार कर लिया गया हैं दावे और आपत्तियां फार्म–छह, छह–ए सात और आठ में भरकर अट्ठाईस नवम्बर तक जमा किया जा सकता है। दावे और आपत्तियां पदनामित अधिकारियों और बूथ स्तर के अधिकारियों के पास पदानामित मतदान केन्द्रों में या डाक के ज़रिए द्वीपों के मुख्य निर्वाचन अधिकारी या संबंधित सहायक निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी के पास भेजे जा सकते है। मतदाता सहायता मोबाइल ऐप्प या ऑनलाइन वेबसाइट का भी प्रयोग किया जा सकता है। जिन मतदाताओं की आयु अगले वर्ष एक अप्रैल, एक जुलाई या एक

अक्तूबर को अट्ठारह वर्ष की हो जाएगी, वे भी मतदाता सूची में अपने नाम शामिल करवाने के लिए फार्म–छह में अपने दावे भरकर भेज सकते हैं।

**<><><><><><><>**

डीब्रेट में बी टेक की इस वर्ष तेईस नवम्बर से शुरू होने वाली परीक्षा के लिए ऑनलाइन पंजीकरण का कार्य आज से सात नवम्बर तक किया जाएगा। उत्तीर्ण हो चुके विद्यार्थी, जिनका बकाया पेपर है और नियमित विद्यार्थी जो इस परीक्षा के लिए योग्य है, उन्हें अपने–अपने संकाय प्रभारी या सदस्यों से संपर्क करने या परीक्षा से संबंधित अन्य जानकारी प्राप्त करने को कहा गया है।

**<><><><><><><>**

<u>समाचार पत्रों की सुर्खियां</u>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज रोजगार मेला के ज़रिए इक्यावन हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। श्री विजयपुरम के डीब्रेट में भी एक हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र देने के लिए कार्यक्रम आयोजित होगा– डेली टेलीग्राम्स की बडी खबर है। द्वीप समाचार ने भी इसी खबर को आज अपनी बड़ी खबर बनाया है। सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाए जाने के सिलसिले में श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित होने के समाचार को द अण्डमान एक्सप्रेस अंग्रेजी ने अपनी बडी खबर बनाया है। दक्षिण अण्डमान के सहायक आयुक्त का लिटिल अण्डमान दौरा करने के समाचार को अण्डमान क्रोनिकल में जगह मिली है। बालिकाओं की आत्मरक्षा पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित होने के समाचार को द इको ऑफ इंडिया में जगह मिली है।

**<><><><><><><>**